<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक – 05.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

## मुख्य समाचार

1. **निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रकिया समाप्त, कुल 6 हजार नौ सौ उनासी प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, आज स्कूटनी, कल नाम वापसी की अंतिम तिथि।**
2. **चाईबासा सदर अस्पताल में एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने का मामला, हाईकोर्ट ने दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश ।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड कैबिनेट की बैठक, कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगेगी मुहर।**
4. **स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी की आज सभी जिलों के सिविल सर्जन के साथ बैठक, हज यात्रियों के लिए स्कीनिंग और टीकाकरण को लेकर देंगे निर्देश।**

**और**

5. **प"चमी विक्षोभ के कारण राज्य में एक बार फिर मौसम में बदलाव, गढ़वा, पलामू चतरा में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट।**

***********************

झारखंड में नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया कल समाप्त हो गयी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, तय समय तक उम्मीदवारों ने अपने–अपने नगर निकायों में नामांकन पत्र दाखिल किया। राज्य के कुल 48 नगर निकायों के लिए चुनाव होगा. इसमें मेयर, नगर परिषद और नगर पंचायत के अध्यक्ष के लिए 674 और वार्ड पार्षद पदों के लिए कुल 6305 नामांकन किये गये. राज्य निर्चाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने जानकारी दी कि कल नाम वापसी की अंतिम तिथि है जबकि 7 फरवरी को सिंबल दिया जाएगा।

इधर गिरिडीह नगर निगम के मेयर पद के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन तेरह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया मेयर पद के लिए गिरिडीह में कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। देवघर में नामांकन की तिथि समाप्त होने के बाद मेयर पद पर कुल नामांकन की संख्या –20 हो गई। अंतिम दिन छह उम्मीदवार ने नामांकन किया। कुल 293 वार्ड पार्षद ने नामांकन किया।

***********************

नगर पंचायत चुनाव 2026 की घोषणा के बाद लातेहार जिले में चुनाव में धन बल के प्रयोग को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई उपाय किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सदर थाना क्षेत्र के करकट में एसएसटी ने एक कार से 40 लाख 20 हजार रूपये नगद बरामद किये हैं। पुलिस बरामद राशि के स्त्रोत और उसके गंत्व्य का पता लगा रही है।

***********************

भारत निर्वाचन आयोग 24 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य चुनाव आयुक्त भाग लेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में चुनावी कानूनों, मतदाता पात्रता, निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए तकनीकी हस्तक्षेपों, डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तथा चुनावी प्रक्रियाओं में भारत निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों के बीच तालमेल पर चर्चा होगी।

***********************

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण भारत की विकासगाथा, अमृत काल की भावना और नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को उजागर करता है। श्री नड्डा ने कहा कि राष्ट्रपति ने संस्कृति और परंपराओं के बारे में भी बात की और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर होने पर बल दिया।

***********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज एक दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंचेंगे, जहां वे लोकाई मैदान में पार्टी द्वारा आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में पूर्व जिला परिषद

अध्यक्ष शालिनी गुप्ता की अगुवाई में सैकड़ो लोग झामुमो की सदस्यता लेंगे। श्री सोरेन करीब 1 घंटे तक कोडरमा में रहेंगे, इस दौरान वह कार्यकर्ताओं और सभा में मौजूद आम लोगों के साथ सीधा संवाद भी करेंगे।

***********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा सदर अस्पताल में बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने के मामले को झारखंड उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। अदालत ने इस पर सुनवाई करते हुए चाईबासा सदर थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि यदि मामले में संज्ञेय अपराध बनता है, तो तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए। मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत में हुई।

***********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर लोक भवन उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण और परिदर्शन के लिए 2 से 8 फरवरी तक खोला गया है। लोक भवन उद्यान खुलने के तीसरे दिन कल कुल 12 हजार 711 लोगों ने इसका भ्रमण किया। उद्यान भ्रमण का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है और इच्छुक नागरिक सुरक्षा जांच के बाद गेट संख्या दो से दोपहर 1 बजे तक प्रवेश कर सकते हैं।

***********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड कैबिनेट की बैठक होगी, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में दोपहर दो बजे से कैबिनेट बैठक होगी

***********************

हज की तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री और झारखंड हज कमेटी के अध्यक्ष डा. इरफान अंसारी आज सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ बैठक करेंगे। इसमें हज यात्रियों के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन प्रक्रिया को लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश दिए जाएंगे ।बैठक में हज पर जाने वाले यात्रियों की स्वास्थ्य जांच, अनिवार्य टीकाकरण और उससे जुड़ी समय सारणी पर चर्चा की जाएगी। जानकारी के अनुसार हज के अंतर्गत झारखंड से लगभग 1670 हज यात्रियों के जाने का प्रस्ताव है।

***********************

राज्य वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम झारखंड द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को लेकर आज राज्य स्तरीय अंतर विभागीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी की अध्यक्षता में रांची के नामकुम स्थित आई पी एच प्रेक्षागृह में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा।

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 10 बजे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देश भर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे। इसे लेकर राज्य भर के विद्यार्थियों के साथ साहिबगंज जिले में भी विद्यार्थी परीक्षा पर चर्चा कार्यक्र म को लेकर काफी उत्साहित हैं

वहीं शिक्षक ने बताया कि बच्चों के उत्साह वर्द्धन में प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का काफी सकारात्मक असर बच्चों पर पड़ा है

***********************

पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड का मौसम एक बार फिर बदलने की संभावना है। राज्य के लगभग सभी जिलों में सुबह कुहासा छाया रहेगा और ठंडी हवा चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार गढ़वा, पलामू और चतरा में घना कोहरा छाने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है

***********************

## अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – अंतिम दिन दो हजार पांच सौ अठासी पर्चे भरे गए, इनमें 275 महापौर और अध्यक्ष के ।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– यूपीएससी का ब्रेक– चयनित अफसर अब बार – बार परीक्षा नहीं दे सकेंगे।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– उड़ाने रद्द होने के मामले में इंडिगो की जांच के आदेश

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – नामांकन खत्म, 48 नगर निकायों में 6 हजार नौ सौ उनासी ने भरा पर्चा

*********समाप्त**********